

**पहली बार ले रहीं हैं ओलिंपिक में हिस्सा**

पहली बार ओलंपिक में हिस्सा ले रही भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन (69 किग्रा) ने मंगलवार को यहां जर्मनी की अनुभवी नेदिन एपेट्ज को कड़े मुकाबले में हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मंगलवार को रिंग में उतरने वाली एकमात्र भारतीय मुक्केबाज लवलीना ने प्री क्वार्टर फाइनल में अपने से 12 साल बड़ी एपेट्ज को 3–2 से हराया।

## पहली बार ओलिंपिक खेल रहीं लवलीना क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोक्यो। असम की 23 साल की लवलीना ने कुकुगिकान एरेना में मंगलवार को खेले गए अंतिम–16 राउंड के मुकाबले में अपने से 12 साल बड़ी जर्मनी की नेदिन एपेट को 3–2 से हराया। नीले कार्नर पर खेल रहीं लवलीना ने पांचों जजों से क्रमशः 28, 29, 30, 30, 27 अंक हासिल किए। लवलीना ने कुकुगिकान एरेना में मंगलवार को खेले गए अंतिम–16 राउंड के मुकाबले में अपने से 12 साल बड़ी जर्मनी की नेदिन एपेट को 3–2 से हराया। दूसरी ओर, नेदिन को 29, 28, 27, 27, 30 अंक प्राप्त हुए। यह काफी कठिन मुकाबला रहा। लवलीना ने जहां तीन राउंड तक चले मुकाबले में तीन जजों को प्रभावित किया वहीं दो जजों ने नेदिन के पक्ष में फैसला दिया। अगले दौर में लवलीना का सामना ताइवान की नीन चेन चेन से होगा। यह मुकाबला शुक्रवार को खेला जाएगा। दोनों खिलाड़ी ओलंपिक में पदार्पण कर रही थी और लवलीना भारत की नौ सदस्यीय टीम से अंतिम आठ में जगह बनाने वाली पहली खिलाड़ी बनी।

# क्रुणाल को हुआ कोरोना, श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टी–20 स्थगित

**क्रिकेट**

### बाकी खिलाड़ियों की रिपोर्ट आने तक दोनों टीम को आइसोलेशन में रहना होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। टीम इंडिया के ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद भारत और श्रीलंका के बीच मंगलवार का टी–20 स्थगित कर दिया गया है। अगर बाकी के खिलाड़ी नेगेटिव पाए जाते हैं तो बुधवार को इस मैच के खेले जाने की संभावना है। समाचार एजेंसी एएनआइ से बात करते हुए मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने कहा कि क्रुणाल कोविड पॉजिटिव पाए गए हैं और बाकी खिलाड़ियों की रिपोर्ट आने तक दोनों टीम को आइसोलेशन में रहना होगा।

सूत्र ने कहा, क्रुणाल कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं और मंगलवार को खेले जाने वाले टी 20 को स्थगित कर दिया गया है। यदी कोई अन्य खिलाड़ी पॉजिटिव नहीं पाया जाता है तो यह मैच बुधवार को होगा। खिलाड़ी वर्तमान में आइसोलेट हैं। बीसीसीआइ ने जानकारी दी है कि मैच से पहले मंगलवार को सुबह रैपिड एंटिजन टेस्ट हुआ। इसमें क्रुणाल पांड्या पॉजिटिव पाए गए। मेडिकल टीम ने उनके नजदीकि संपर्क में आठ लोगों को पाया है। पूरी टीम का आरटी पीसीआर टेस्ट हुआ है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कोई और संक्रमित तो नहीं है। बोर्ड ने इसके साथ ही जानकारी दी है कि आज का स्थगित हुआ मैच बुधवार 28 जुलाई को खेल जाएगा, जबकि सीरीज का आखिरी मुकाबला 29 जुलाई को होगा।

बता दें कि टीम इंडिया ने पहले टी–20 मैच में जीत दर्ज की थी। इससे पहले टीम को तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2–1 जीत मिली थी। विराट कोहली, रोहित शर्मा और



जसप्रीत बुमराह जैसे स्टार खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में शिखर धवन की अगुवाई में भारत की युवा टीम श्रीलंका दौरे पर गई है, जो फिलहाल इंग्लैंड दौरे पर है। राहुल द्रविड़ इस टीम के कोच हैं। श्रीलंका के बल्लेबाजी कोच ग्रांट फ्लावर संक्रमित पाए गए थे,जिससे यह दौरा तय समय से देर शुरू हुआ था।

श्रीलंका दौरे पर गई टीम में पृथ्वी शॉ और सूर्यकुमार यादव भी शामिल हैं, जिन्हें इंग्लैंड दौरे पर रिप्लेसमेंट के तौर पर जाना है। ऐसे में सावल खड़ा हो गया है कि दोनों खिलाड़ी फिलहाल इंग्लैंड रवाना होंगे या नहीं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (ठब्ब्) ने सोमवार को जानकारी दी थी कि चयन समिति ने पृथ्वी शॉ और सूर्यकुमार यादव को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए चोट के कारण बाहर हुए ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर, बल्लेबाज शुभमन गिल और तेज गेंदबाज आवेश खान का रिप्लेसमेंट चुना है।

## 4 बार की ग्रैंड स्लैम विजेता नाओमी ओसाका का ओलिंपिक सफर खत्म

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



तोक्यो। चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता, नाओमी ओसाका का ओलंपिक का सफर खत्म हो गया है। मंगलवार को जापान की ओसाका को चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा, जो कि 2019 फ्रेंच ओपन के उपविजेता भी हैं, ने तीसरे दौर में 6–1, 6–4 से हरा दिया।

भ्पहींल फिल्म में लीड ऐक्टर कौन है? जवाब दीजिए इनाम मिलेगा

**ओसाका हार कर हुईं बाहरः** नाओमी के बाहर होने के साथ ही, ओलंपिक में डब्ल्यूटीए एकल रैंकिंग में शामिल शीर्ष तीन खिलाड़ी पदक की दौड़ से बाहर हो गई हैं। दुनिया की नंबर–1 खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया की एशले बार्टी, स्पेन की सारा सोरिब्स टोरमो से हार कर पहले ही बाहर हो चुकी हैं। वहीं, बेलारूस की नंबर–3 आर्यना सबलेंका सोमवार को दूसरे दौर में क्रोएशिया की डोना वेकिक से हार गई और अब तीसरे दौर में दुनिया की नंबर–2 नाओमी भी हार कर बाहर हो गई हैं।

अमेरिका की नंबर–4 सोफिया केनिन और कनाडा की नंबर–5 खिलाड़ी बियांका एंड्रीस्कु ने ओलंपिक में भाग नहीं लिया है, जिसके चलते यूक्रेन की नंबर–6 रैंक वाली एलिना स्वितोलिना अब ड्रॉ में सबसे अव्वल रैंकिंग वाली खिलाड़ी हैं। इसी बीच, एरियाके टेनिस पार्क में सोमवार को देर शाम के मैचों में बड़ा उलट फेर देखने को मिला।

**नंबर–3 वरीयता प्राप्त आर्यना सबलेंका को हरायाः** स्पेन के पाउला बडोसा, बेल्जियम के एलिसन वान उयतवांक और क्रोएशिया की डोना वेकिक ने टॉप–10 में शामिल खिलाड़ियों को हराकर तीसरे दौर में जगह बना ली है। पाउला ने पोलैंड की छठवीं वरीयता प्राप्त इगा स्विएटेक को 6–3, 7–6 (4) से हराया, जबकि एलिसन और डोना ने क्रमशः चेक गणराज्य की 10वीं वरीयता प्राप्त पेट्रा क्वितोवा और बेलारूस की नंबर–3 वरीयता प्राप्त आर्यना सबलेंका को हराया।

## ब्लू जर्सी में लंबे अरसे बाद दिखे धोनी, भावुक हुए फैंस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धोनी मस्त मलंग हैं। सोशल मीडिया से दूर रहते हैं। भीड़चाल पर विश्वास नहीं रखते। अपने दिल की सुनते और मन की करते हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद सिर्फ आईपीएल के दौरान ही मैदान पर दिखते हैं। यानी माही अब सिर्फ पीली जर्सी ही पहनते हैं। मगर आज जब दुनिया ने उन्हें टीम इंडिया की नीली जर्सी में देखा तो सोशल मीडिया पर भूचाल आ गया। दरअसल, किसी एड फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में फिल्ममेकर फराह खान ने पूरा दिन धोनी के साथ गुजारा। फराह बेहतरीन कोरियोग्राफर भी हैं और क्रिकेट की दीवानी भी। अब पूर्व भारतीय कप्तान से मिलकर वह उनकी फैन भी बन गईं। 56 वर्षीय फराह ने अपने इंस्टाग्राम पर धोनी के साथ एक फोटो पोस्ट की। कैप्शन में फराह ने धोनी को समय का पाबंद, विनीत और बेहतरीन इंसान बताया। तस्वीर मशहूर सेलेब्रिटि फोटोग्राफर डब्बू रत्नानी ने क्लिक की। इंस्टाग्राम और सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफॉर्म्स पर ये फोटो तेजी से वायरल हो रही है।

## न्यूज डायरी



### बैडमिंटन में सात्विक–चिराग जीत के बावजूद नॉकआउट से बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। सात्विकसाईराज रंकीरेडी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने तोक्यो ओलिंपिक के बैडमिंटन पुरुष युगल ग्रुप ए के अपने तीसरे मैच में बेन लेन और सीन वेंडी की ब्रिटेन की जोड़ी को हराया लेकिन इसके बावजूद नॉकआउट में जगह बनाने में नाकाम रही।सात्विक और चिराग की दुनिया की 10वें नंबर की जोड़ी ने लेन और वेंडी की दुनिया की 18वें नंबर की जोड़ी को 44 मिनट चले मुकाबले में 21–17, 21–19 से हराकर ग्रुप में दूसरी जीत दर्ज की। भारत, इंडोनेशिया और चीनी ताइपे तीनों जोड़ियां ने दो–दो जीत दर्ज की थी लेकिन चीनी ताइपे और इंडोनेशिया की जोड़ियां ग्रुप चरण में गेम जीतने और हारने के बीच बेहतर अंतर के कारण शीर्ष दो स्थान पर रहते हुए नॉकआउट में पहुंचने में सफल रही। इंडोनेशिया की जोड़ी का गेम अंतर प्लस तीन, चीनी ताइपे का प्लस दो और भारत का प्लस एक रहा। सात्विक और चिराग ने अपने पहले मैच में ली और वैंग को तीन गेम में हराकर उलटफेर किया था लेकिन भारतीय जोड़ी को दूसरे मैच में गिडियोन और सुकामुल्जो के खिलाफ सीधे गेम में शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

### 58 साल में मेडल जीतकर मिसाल बने अरशीदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। उम्र के जिस पड़ाव पर लोग अक्सर रिटायर्ड जिंदगी की योजनाएं बनाने में मसरूफ होते हैं, कुवैत के अब्दुल्ला अलरशीदी ने तोक्यो ओलिंपिक्स में शूटिंग में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर दुनिया को दिखा दिया कि उनके लिए उम्र महज एक आंकड़ा है। सात बार के ओलिंपियन ने सोमवार को पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में मेडल जीता। यही नहीं मेडल जीतने के बाद उन्होंने 2024 में पेरिस ओलिंपिक्स में गोल्ड पर निशाना लगाने का भी वादा किया जब वह 60 पार हो चुके होंगे। उन्होंने असाका शूटिंग रेंज पर मेडल जीतने के बाद कहा, मैं 58 बरस का हूं। सबसे बूढ़ा निशानेबाज और यह ब्रॉन्ज मेरे लिए गोल्ड से कम नहीं। मैं इस मेडल से बहुत खुश हूं लेकिन उम्मीद है कि अगले ओलिंपिक्स में गोल्ड जीतूंगा। पेरिस में।

### अब बॉक्सर अमित पंघाल और पूजा बोहरा पर टिकी पदक की आस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रोहतक। टोक्यो ओलंपिक में बाक्सिंग में अब हरियाणा से दो ही बाक्सर अमित पंघाल और पूजा बोहरा से पदक की आस रह गई है। दो बाक्सर मनीष कौशिक और विकास कृष्णन पहले ही राउंड में हारकर बाहर हो चुके हैं। खास बात यह है कि अमित पंघाल के भार वर्ग में राउंड 32 के मुकाबले खत्म हो गए हैं। अब राउंड 16 के मुकाबले होंगे, जिनमें दुनिया के टाप 16 बाक्सर भिड़ेंगे। इसी तरह पूजा बोहरा भी राउंड 16 के लिए रिंग में उतरेंगी। अमित और पूजा को दो–दो मैच जीतने ही पदक पक्का हो जाएगा। पुरूष वर्ग में दुनिया के नंबर–1 बाक्सर अमित पंघाल को पहले मैच में बाई मिल गई थी। अब 52 किग्रा भार वर्ग में 16 बाक्सर हैं, जो क्वार्टर फाइनल के लिए रिंग में उतरेंगे। अमित का मुकाबला 31 जुलाई को कोलंबिया के बाक्सर से होगा, जो 2016 रियो ओलंपिक में सिल्वर मेडलिस्ट है।

### टोक्यो ओलिंपिक में भारतीय निशानाबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टोक्यो ओलिंपिक में भारतीय निशानाबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी है। सौरभ चौधरी और मनु भाकर की जोड़ी 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में पदक मैच के लिए क्वालीफाई करने में विफल रही।वहीं यशस्विनी देसवाल और अभिषेक वर्मा की भारतीय जोड़ी क्वालीफिकेशन स्टेज –1 में ही बाहर हो गई। इसके अलावा 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में क्वालीफिकेशन स्टेज–1 में इलावनिल वलारिवान और दिव्यांश सिंह पंवार, अंजुम मौदगिल और दीपक कुमार की जोड़ी भी बाहर हो गई। सौरभ चौधरी और मनु भाकर ने क्वालिफिकेशन स्टेज 1 में कुल 582 स्कोर के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट के क्वालिफिकेशन स्टेज 2 में प्रवेश किया था।